BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 04 नवम्बर 2024 **थाना जहांगीरपुर**

सुनील कुमार की हत्या का सफल अनावरण, 04 हत्यारोपी आलाकत्ल सहित गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 31.10.2024 को वादिया श्रीमती नीतू पत्नी सुनील कुमार निवासी ग्राम नेकपुर थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना जहांगीरपुर पर तहरीर दी गयी कि उसके गांव निवासी सोमवीर उर्फ सोम व ईश्वर द्वारा उसके पति सुनील कुमार के साथ मारपीट की गयी जिससे उपचार के दौरान उसके पति की मृत्यु हो गयी हैं। मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर थाना जहांगीरपुर पर मुअसं - 90/24 धारा 105 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में थाना जहांगीरपुर पुलिस द्वारा जांच/छानबीन में सोमवीर उर्फ सोम व ईश्वर की नामजदगी गलत पायी गयी तथा घटना में अन्य 05 अभियुक्त के नाम प्रकाश में आये। दिनांक 03/04.11.2024 में थाना जहांगीरपुर पुलिस व स्वाट टीम देहात द्वारा प्रकाश में आये 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशादेही पर आलाकत्ल डंडे, घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल को बरामद किया गया।

अभियुक्तो की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जहांगीरपुर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. राजू शर्मा उर्फ आशू पुत्र प्रेमपाल निवासी कलाखुरी थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर।
2. भूपेन्द्र पुत्र प्रेमपाल निवासी उपरोक्त।
3. गुलशन पुत्र विजयपाल निवासी उपरोक्त।
4. मनोज पुत्र नेत्रपाल निवासी उपरोक्त।

बरामदगी-

1- 02 डंडे (आलाकत्ल)
2. अभियुक्तों के रक्त रंजित कपड़ें
3- 03 मोबाइल फोन (घटना में प्रयुक्त)
4- 01 मोटरसाइकिल प्लेटिना नं0 UP-85BH-7473 (घटना में प्रयुक्त)

अभियुक्त राजू शर्मा उर्फ आशू ने पूछताछ पर बताया कि वह बिजली विभाग में लाइनमैन है। अब से करीब डेढ़ वर्ष पूर्व अपने छोटे भाई भूपेन्द्र के साथ गांव नेकपुर में सरकारी ट्यूबवेल के तार जोड़ने गया था वहां पर मृतक सुनील ने बिजली के तार जोड़ने को लेकर मुझे व मेरे भाई को काफी गालियां दी और हमे अपमानित किया। हम दोनो भाईयों ने तभी ठान लिया की सुनील से एक दिन बदला जरुर लेंगे। हम तभी से उसकी तलाश में थे। दिनांक 30.10.2024 को हम दोनो भाई अपने घर के दरवाजे पर खड़े थे तभी एक मोटरसाइकिल पर सुनील व एक अन्य व्यक्ति हमारे घर के सामने से निकले। हमने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उनका पीछा किया तथा रास्ते में सुनील व उसके साथी के साथ मारपीट की तथा वहां से चले गये। दिनांक 30.10.2024 की रात्रि में सुनील की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी।

गिरफ्तार करने वाली थाना जहांगीरपुर पुलिस टीम-

1. श्री अमित कुमार सिंह थाना प्रभारी थाना जहांगीरपुर
2. उ0नि0 उदयवीर सिंह, उ0नि0 दुर्वेश कुमार,
   उ0नि0/यू0टी0 सोमेश कुमार
3. का0 सौरभ कुमार, का0 ऋषि कुमार, का0 सतीश कुमार

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम देहात-

1. श्री लोकेश कुमार अग्निहोत्री स्वाट टीम देहात
2. का0 मनीष कुमार, का0 विपिन कसाना,
   का0 अजय सोलंकी

मीडिया सेल बुलंदशहर